<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>8/08/2024</u>

केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), मुंबई ने 07-08-2024 को, 11:30 बजे, प्रवर्तन निदेशालय [ईडी] के सहायक निदेशक संदीप सिंह को नई दिल्ली में 20 लाख रुपये की नकदी के साथ पकड़ा, कथित रूप से जिसे उन्होंने ईडी जांच के अधीन एक व्यक्ति से उस ईडी जांच में मदद के बदले वसूली थी|

इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति का पालन करते हुए, ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 [पीएमएलए] के तहत संदीप सिंह के खिलाफ आपराधिक मामले में कार्रवाई शुरू की है। उनके खिलाफ ईसीआईआर दर्ज की गई है और ईडी द्वारा पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 08-08-2024 को उनके आवास पर तलाशी अभियान चलाया गया ताकि उनकी आपराधिक गतिविधियों के साक्ष्य जुटाए जा सकें। अपराध से संबंधित साक्ष्य एकत्र करने के लिए सीबीआई और ईडी द्वारा 08-08-2024 को संयुक्त रूप से उनके कार्यालय की तलाशी ली गई थी। पीएमएलए मामले के अलावा, उन्हें तत्काल निलंबित करने और ईडी से उनके मूल विभाग में प्रत्यावर्तन के लिए भी कार्रवाई शुरू की गई है।

तथ्यों के सत्यापन पर, जिसके कारण संदीप सिंह की गिरफ्तारी हुई, यह पाया गया कि ईडी दिल्ली, उत्तराखंड, बैंगलोर पुलिस की कई प्राथमीकियों के आधार पर कुछ संस्थाओं के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच कर रहा था। इस मामले में तलाशी की कार्रवाई 04-08-2024 को संचालित की गई और पूरी कर ली गई थी| इस कार्रवाई के दौरान, ईडी के सहायक निदेशक, संदीप सिंह ने 'तलाशी वारंट अधिकृत अधिकारी' के रूप में कार्य करते हुए जांच के तहत एक व्यक्ति के मुंबई में आवासीय परिसर में तलाशी ली थी। विपुल ठक्कर मैसर्स वीएस गोल्ड के मालिक हैं, इस संस्था पर धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) में भागीदार होने का संदेह था। तलाशी शांतिपूर्ण थी और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संचालित की गई थी। संदीप सिंह इस प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के जांच अधिकारी नहीं हैं,उन्हें लक्षित परिसर में तलाशी लेने के सीमित उद्देश्य के लिए बुलाया गया था | हालांकि, संदीप सिंह ने खुद को जांच अधिकारी के रूप में प्रस्तुत किया और कथित तौर पर आरोपियों के पक्ष में रिश्वत स्वीकार कर ली, जबकि वह जांच किए जा रहे मामले से किसी भी तरह जुड़े नहीं थे|

ईडी द्वारा आगे की जांच की जा रही है।